भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 879**

जिसका उत्तर 9 फरवरी, 2021/20 माघ, 1942 (शक) को दिया गया

**बैंकिंग धोखाधड़ी के मामले**

879. श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 से 1 मार्च, 2020 तक की अवधि के दौरान पता चले बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों और उनमें शामिल धनराशि का वर्ष-वार और बैंक-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या हाल ही के वर्षों में बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों में अत्यधिक वृद्धि हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) वर्ष 2016-17 से आज की तारीख तक बैंकिंग धोखाधड़ी में लिप्त व्यक्तियों और बैंक कर्मचारियों के विरूद्ध कितने एफआईआर दर्ज किए गए हैं और बैंक-वार कितने मामलों में धोखेबाजों के विरूद्ध आरोप-पत्र दर्ज किया गया या उन्हें सिद्धदोष पाया गया है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

**(क) और (ख):** सरकार ने वर्ष 2015 में, खाते यदि इन्हें अजर्नक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया हो तो, इनमें 50 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के संबंध में कार्रवाई करने के लिए सरकारी क्षेत्र के बैंकों बड़े मूल्य की बैंक धोखाधड़ियों के संबंध में समय पर पहचान, रिपोर्टिंग, जांच आदि संबंधी संरचना जारी की है और बैंकों में धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के लिए संरचना के माध्यम से तथा अन्य उपाय करके व्यापक संरचनात्मक एवं प्रक्रियात्मक सुधारों को आरम्भ किया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा दिसम्बर 2019 की अपनी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में संरचना के अंतर्गत पीएसबी के एनपीए के पुराने स्टॉक सहित धोखाधड़ियों की प्रणालीगत तथा व्यापक जांच का संज्ञान लिया है, जिससे कई वर्षों के दौरान की गई धोखाधड़ियों का पता लगाने में सहायता मिली है। यह अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों तथा कतिपय वित्तीय संस्थाओं द्वारा रिपोर्ट की गई तिथि के आधार पर 1 लाख रुपए और इससे अधिक की धोखाधड़ियों में अंतर्ग्रस्त राशि में वृद्धि से भी परिलक्षित होता है, उक्त राशि जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में 5,916 मामलों में 41,167 करोड़ रुपए था, वित्तीय वर्ष 2018-19 में 6,799 मामलों में 71,543 करोड़ रुपए हो गया तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 में 8,705 मामलों में बढ़कर 1,85,644 करोड़ रुपए हो गया। जबकि बेहतर पहचान तथा सूचना से हाल के वर्षों में सूचित अंतर्ग्रस्त राशि में वृद्धि हुई है, बैंक धोखाधड़ियों को रोकने हेतु किए गए व्यापक उपायों से धोखाधड़ी के घटित होने की तिथि के अनुसार धोखाधड़ी में अंतर्ग्रस्त राशि में कमी हुई है, जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में 5,098 मामलों में

21,378 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 2018-19 में 4,635 मामलों में बढ़कर 27,473 तक और वित्त वर्ष 2019-20 में 3,480 मामलों में तेजी से कम होकर 6,813 करोड़ रुपए हो गया है। घटना के घटित होने और उसके सूचित किए जाने के वर्ष के अनुसार धोखाधड़ी के मामलों और उनमे अंतर्ग्रस्त राशि का वर्ष-वार और बैंक-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

धोखाधड़ीपूर्ण बैंकिंग प्रथाओं की रोकथाम हेतु, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:-

(1) धोखाधड़ी जोखिम की समय पर पहचान करने, उसे नियंत्रित करने तथा इसमें कमी करने और ऋण मंजूरी प्रक्रिया के दौरान सम्यक तत्परता बरतने हेतु केन्द्रीय धोखाधड़ी रजिस्ट्री के रूप में बैंकों द्वारा सूचित धोखाधड़ियों का ऑनलाइन सर्चेबल डाटाबेस तैयार किया गया है।

(2) भगौड़े आर्थिक अपराधियों की सम्पत्ति की कुर्की करने, ऐसे अपराधियों की सम्पत्ति को जब्त करने और अपराधियों को किसी सिविल दावे की पैरवी करने के हक से वंचित करने के लिए भगौड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 को अधिनियमित किया गया।

(3) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को यह सलाह दी गयी है कि—

(i) 50 करोड़ रुपए से अधिक की ऋण सुविधा प्राप्त करने वाली कंपनियों के प्रवर्तकों/निदेशकों तथा अन्य प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के पासपोर्ट की सत्यापित प्रति प्राप्त करें;

(ii) आरबीआई के अनुदेशों एवं अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार इरादतन चूककर्ताओं की फोटो प्रकाशित करने का निर्णय लें; और

(iii) अधिकारियों/कर्मचारियों का आवर्तिक (रोटेशनल) स्थानांतरण सुनिश्चित करें।

(4) पीएसबी के प्रमुखों को भी लुक-आऊट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने के लिए अनुरोध करने का अधिकार दिया गया है।

(5) लेखापरीक्षा मानकों को लागू करने और लेखापरीक्षाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण की स्थापना एक स्वतंत्र विनियामक के रूप में की है।

(6) व्यापक वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के उद्देश्य से गत दो वित्तीय वर्षों के दौरान 3.38 लाख अपरिचालनीय कंपनियों के बैंक खातों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है।

**(ग):** सूचना एकत्र की जा रही है तथा सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

*****

अनुबंध

**घटित होने तथा सूचित होने के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों तथा कतिपय वित्तीय संस्थाओं द्वारा सूचित धोखाधड़ी का ब्यौरा**

राशि करोड़ रुपए में

| बैंक | वित्तीय वर्ष 2017-18 | | | | वित्तीय वर्ष 2018-19 | | | | वित्तीय वर्ष 2019-20 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घटित | | सूचित* | | घटित | | सूचित* | | घटित | | सूचित* | |
| | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि |
| आदित्य बिड़ला आइडिया पेमेंट्स बैंक लिमिटेड | - | - | - | - | 24 | 1.45 | 24 | 1.45 | - | - | - | - |
| इलाहाबाद बैंक | 143 | 1,144.71 | 41 | 1,525.33 | 56 | 1,445.48 | 105 | 2,586.55 | 10 | 9.19 | 603 | 6,971.76 |
| अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्पोरेशन | 336 | 11.03 | 349 | 11.76 | 221 | 7.80 | 212 | 6.86 | 142 | 6.01 | 181 | 9.10 |
| आंध्रा बैंक | 55 | 1,342.84 | 52 | 1,345.18 | 36 | 823.84 | 81 | 1,012.27 | 4 | 53.74 | 114 | 3,462.32 |
| एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 4 | 0.25 | 5 | 2.86 | 9 | 0.92 | 6 | 0.55 | 5 | 0.29 | 9 | 0.86 |
| एक्सिस बैंक लिमिटेड | 267 | 1,511.54 | 269 | 599.58 | 284 | 1,101.72 | 264 | 1,192.00 | 177 | 1,052.47 | 366 | 4,394.23 |
| बंधन बैंक लिमिटेड | 31 | 2.03 | 22 | 2.49 | 30 | 2.66 | 31 | 2.50 | 6 | 0.32 | 51 | 7.26 |
| बैंक ऑफ अमेरिका, नेशनल एसोसिएशन | 16 | 0.36 | 18 | 0.40 | 10 | 0.30 | 10 | 0.24 | 4 | 0.11 | 5 | 0.18 |
| बैंक ऑफ बहरीन और कुवैत बी.एस.सी. | - | - | - | - | - | - | 1 | 0.16 | - | - | - | - |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 147 | 2,558.22 | 156 | 3,700.29 | 80 | 1,545.70 | 175 | 4,099.82 | 48 | 4.96 | 327 | 12,586.54 |
| बैंक ऑफ इंडिया | 109 | 1,476.53 | 157 | 2,619.77 | 78 | 57.02 | 199 | 4,166.54 | 41 | 101.85 | 180 | 8,069.04 |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 55 | 1,160.12 | 64 | 1,082.55 | 60 | 1,934.14 | 104 | 1,565.86 | 5 | 6.66 | 102 | 3,390.52 |
| बी एन पी परिबास | - | - | - | - | - | - | - | - | 3 | 5.70 | 3 | 5.70 |
| केनरा बैंक | 71 | 1,255.39 | 105 | 181.67 | 60 | 358.12 | 175 | 1,571.15 | 17 | 69.22 | 133 | 7,519.00 |
| कैथोलिक सीरियन बैंक लिमिटेड | 29 | 118.48 | 28 | 116.88 | 23 | 30.21 | 31 | 85.17 | 16 | 0.81 | 40 | 123.32 |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 74 | 408.55 | 143 | 1,400.17 | 69 | 48.08 | 197 | 2,892.93 | 39 | 190.82 | 163 | 3,991.91 |
| सिटी बैंक एन.ए. | 209 | 8.97 | 226 | 22.12 | 275 | 31.59 | 227 | 9.99 | 188 | 9.01 | 305 | 36.01 |
| सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड | 12 | 91.71 | 7 | 44.06 | 7 | 0.84 | 5 | 8.43 | 7 | 0.17 | 17 | 46.68 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोस्टल लोकल एरिया बैंक लिमिटेड | - | - | - | - | 1 | 0.13 | - | - | - | - | 2 | 0.43 |
| कॉपरेटिव राबोबैंक यू.ए. | 2 | 61.53 | 1 | 20.00 | - | - | 1 | 41.53 | - | - | - | - |
| कॉर्पोरेशन बैंक | 20 | 108.85 | 68 | 1,292.56 | 12 | 4.05 | 75 | 1,954.49 | 4 | 0.22 | 70 | 4,816.49 |
| डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड | - | - | - | - | 6 | 0.16 | 5 | 145.43 | 1 | 0.36 | 4 | 0.39 |
| डीसीबी बैंक लिमिटेड | 8 | 1.51 | 10 | 2.77 | 10 | 33.21 | 9 | 33.31 | 14 | 8.79 | 18 | 15.45 |
| देना बैंक | 11 | 232.57 | 27 | 102.07 | 3 | 2.71 | 65 | 2,719.48 | - | - | - | - |
| ड्यूश बैंक एजी | 8 | 0.13 | 6 | 95.56 | 3 | 0.04 | 6 | 0.07 | 8 | 15.15 | 8 | 15.15 |
| इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 18 | 2.23 | 15 | 1.99 | 18 | 1.40 | 14 | 2.26 | 10 | 0.96 | 22 | 2.06 |
| ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 5 | 0.46 | 1 | 0.04 | 7 | 0.44 | 5 | 0.19 | 5 | 0.27 | 11 | 0.94 |
| भारतीय निर्यात-आयात बैंक | 1 | 81.91 | 1 | 19.86 | - | - | 4 | 336.97 | - | - | 10 | 1,983.33 |
| फेडरल बैंक लिमिटेड | 37 | 71.42 | 30 | 5.29 | 34 | 109.01 | 27 | 175.38 | 12 | 0.33 | 50 | 195.37 |
| फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 2 | 0.05 | 2 | 0.05 | 19 | 0.69 | 13 | 0.48 | 2 | 0.05 | 8 | 0.26 |
| फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड | 3 | 0.90 | 3 | 0.90 | 18 | 0.77 | 13 | 0.64 | 29 | 1.53 | 34 | 1.66 |
| एचडीएफसी बैंक लिमिटेड | 361 | 72.79 | 370 | 137.53 | 381 | 494.80 | 435 | 478.88 | 279 | 76.00 | 454 | 195.10 |
| हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 300 | 6.59 | 276 | 5.77 | 217 | 3.90 | 221 | 14.59 | 215 | 3.68 | 257 | 4.42 |
| आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड | 540 | 903.14 | 754 | 580.16 | 460 | 95.32 | 514 | 2,312.19 | 479 | 54.75 | 607 | 9,465.55 |
| आईडीबीआई बैंक लिमिटेड | 124 | 1,192.09 | 177 | 1,337.97 | 152 | 3,473.92 | 196 | 1,226.42 | 113 | 708.23 | 324 | 9,245.19 |
| आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड | 16 | 5.80 | 1 | 0.02 | 29 | 58.58 | 10 | 41.90 | 18 | 1.89 | 56 | 29.72 |
| इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक लिमिटेड | - | - | - | - | 1 | 0.11 | - | - | 2 | 0.32 | 3 | 0.42 |
| इंडियन बैंक | 61 | 213.62 | 53 | 27.54 | 42 | 146.51 | 93 | 808.94 | 26 | 179.63 | 94 | 2,253.62 |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | 62 | 579.64 | 67 | 1,025.48 | 63 | 2,293.35 | 142 | 7,019.89 | 21 | 106.82 | 186 | 7,275.40 |
| इंडसइंड बैंक लिमिटेड | 40 | 129.42 | 28 | 21.93 | 72 | 15.86 | 63 | 108.82 | 74 | 290.20 | 102 | 1,158.74 |
| जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड | 5 | 266.82 | 14 | 215.10 | 5 | 22.38 | 10 | 182.15 | - | - | 23 | 201.14 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 15 | 0.99 | - | - | 28 | 2.86 | 50 | 2.96 | 45 | 3.20 | 56 | 5.34 |
| कर्नाटक बैंक लिमिटेड | 14 | 28.61 | 15 | 214.55 | 7 | 18.75 | 21 | 122.75 | 28 | 148.40 | 41 | 233.72 |
| करूर वैश्य बैंक लिमिटेड | 27 | 73.23 | 12 | 19.21 | 17 | 149.64 | 43 | 86.54 | 15 | 100.70 | 38 | 494.93 |
| कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड | 281 | 100.22 | 270 | 56.77 | 378 | 13.69 | 374 | 14.08 | 581 | 66.52 | 632 | 579.44 |
| कृष्णा भीम समृद्धि लैब लिमिटेड | - | - | 1 | 0.03 | - | - | 1 | 0.02 | - | - | - | - |
| लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड | 41 | 179.63 | 70 | 157.47 | 48 | 300.04 | 81 | 195.59 | 26 | 70.46 | 35 | 324.61 |
| नैनीताल बैंक लिमिटेड | 2 | 0.33 | 6 | 0.28 | - | - | 9 | 0.94 | - | - | 1 | 0.02 |
| नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | - | - | - | - | 2 | 0.33 | 1 | 0.18 | 3 | 0.21 | 4 | 0.36 |
| ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स | 29 | 131.71 | 226 | 652.22 | 14 | 25.68 | 136 | 2,159.01 | 8 | 18.02 | 111 | 5,340.43 |
| पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड | - | - | - | - | 2 | 0.02 | 2 | 0.02 | 1 | 0.01 | 1 | 0.01 |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | 11 | 35.66 | 22 | 90.33 | 2 | 39.18 | 42 | 458.54 | 24 | 7.20 | 43 | 397.23 |
| पंजाब नैशनल बैंक | 164 | 749.14 | 172 | 15,501.50 | 93 | 707.08 | 184 | 6,027.33 | 39 | 65.63 | 315 | 15,353.63 |
| आरबीएल बैंक लिमिटेड | 20 | 8.77 | 15 | 2.26 | 20 | 2.40 | 25 | 19.94 | 28 | 1.71 | 43 | 35.23 |
| एसबीएम बैंक (इंडिया) लिमिटेड | 2 | 72.53 | 2 | 83.78 | 1 | 144.95 | 3 | 217.48 | - | - | - | - |
| भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक | 9 | 62.93 | 10 | 63.50 | 1 | 5.08 | 23 | 192.52 | - | - | 4 | 16.23 |
| साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड | 26 | 44.99 | 8 | 94.53 | 43 | 92.01 | 38 | 36.15 | 17 | 141.88 | 60 | 343.40 |
| स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक | 92 | 85.91 | 95 | 16.52 | 87 | 12.08 | 75 | 518.93 | 203 | 24.98 | 262 | 900.84 |
| भारतीय स्टेट बैंक | 726 | 423.42 | 981 | 2,541.98 | 695 | 4,912.18 | 1,023 | 12,316.32 | 274 | 62.43 | 1,238 | 44,592.98 |
| सुभद्रा लोकल एरिया बैंक लिमिटेड | - | - | 1 | 0.01 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| सुर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 7 | 0.13 | 8 | 0.31 | - | - | 4 | 0.07 | 12 | 0.29 | 12 | 0.29 |
| सिंडिकेट बैंक | 169 | 733.12 | 147 | 541.07 | 78 | 101.30 | 381 | 1,833.80 | 37 | 60.33 | 400 | 4,998.94 |
| तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड | 35 | 105.50 | 30 | 194.92 | 33 | 103.70 | 39 | 62.42 | 12 | 6.38 | 46 | 393.48 |
| बैंक ऑफ टोक्यो-मित्सुबिशी यूएफजे लिमिटेड | 1 | 0.19 | 1 | 0.19 | 1 | 0.03 | 1 | 0.03 | - | - | - | - |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड | 7 | 69.23 | 8 | 11.76 | 10 | 67.92 | 18 | 161.52 | 1 | 0.05 | 17 | 137.27 |
| इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | - | - | 1 | 81.34 | 1 | 47.95 | 1 | 23.92 | - | - | 1 | 47.95 |
| यूको बैंक | 51 | 628.32 | 73 | 1,232.78 | 36 | 223.83 | 90 | 2,461.31 | 4 | 0.33 | 65 | 5,384.30 |
| उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 11 | 0.23 | 28 | 0.76 | 12 | 0.52 | 10 | 0.41 | 12 | 0.40 | 17 | 0.59 |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 105 | 907.23 | 73 | 1,148.03 | 38 | 231.55 | 198 | 6,815.69 | 34 | 1,917.29 | 186 | 9,316.11 |
| युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया | 22 | 128.06 | 62 | 881.37 | 65 | 2,138.35 | 48 | 427.83 | 25 | 395.05 | 82 | 2,679.69 |
| उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 8 | 0.31 | 6 | 0.18 | 10 | 0.33 | 12 | 0.43 | 2 | 0.06 | 8 | 0.33 |
| विजया बैक | 22 | 145.96 | 19 | 31.02 | 2 | 0.94 | 55 | 385.14 | - | - | - | - |
| वूरी बैंक | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 0.20 | 1 | 0.20 |
| यस बैंक लिमिटेड | 19 | 1,639.07 | 8 | 0.68 | 36 | 3,983.01 | 43 | 194.50 | 24 | 760.86 | 44 | 6,590.93 |

*स्रोत: आरबीआई*

* सूचित धोखाधड़ी की घटनाएं पूर्ववर्ती वर्ष में हुई होंगी।

***